an>

Title: Need to revive the Son Valley Cement Ltd., in Palamu Parliamentary Constituency of Jharkhand.

श्री विÂणु दयाल राम (पलामू) : महोदया, आपने मुझे मौका दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूँ। मैं आपकी अनुमति से अपने संसदीय क्षेत्र पलामू की गरीब जनता से सम्बन्धित अति महत्वपूर्ण विÂषय को उठाना चाहता हूँ।

महोदया, पलामू में मैसर्स सोन वैली सीमेन्ट लिमिटेड की स्थापना वष्Â○ान 1920 में हुई थी। यह वेट प्रोसेस की सबसे प्राचीनतम सीमेन्ट फैक्ट्री में से एक है, परन्तु स्थापना के कुछ वÂषों के बाद वष्Â○ान 1992 में यह फैक्ट्री बन्द हो गई। उसके बाद से लाखों प्रयासों के बावजूद भी इस फैक्ट्री का कार्य पुनः प्रारम्भ नहीं हो सका है। परिणामस्वरूप यहाँ के मजदूर पलायन के लिए मजबूर हो गए, उनका भुगतान नहीं हुआ और आज वे भुखमरी के कगार पर पहुँच गए हैं। यहाँ तक बातें सुनने को आती हैं कि वे नक्सलियों के दस्ते में भी सम्मिलित हो रहे हैं। ऐसी परिस्थिति में आप जानती हैं कि झारखंड पिछड़े राज्यों में से एक है और यहाँ के ज्यादातर मजदूर अपनी मजदूरी के आधार पर अपने परिवार का पालन-पोष्Â○ाण करते हैं। वैसी परिस्थिति में मेरा आपके माध्यम से भारी उद्योग मंत्री जी से अनुरोध है कि इस फैक्ट्री को खुलवाने का प्रयास करें। मैं इस विÂषय को पहले भी उठा चुका हूँ। मैं पुनः निवेदन करता हूँ कि झारखंड राज्य के पलामू संसदीय क्षेत्र के लिए यह एक बहुत महत्वपूर्ण विÂषय है। अतः मेरा अनुरोध होगा कि इस सीमेन्ट फैक्ट्री को खुलवाने का प्रयास किया जाए। धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष : श्री चन्द्र प्रकाश जोशी और कुँवर पुÂष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री विष्Âणु दयाल राम जी द्वारा उठाए गए विÂषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।